समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 08 September 2026

# सांसद दुष्यंत सिंह का जन्म दिवस कार्यकर्ताओं ने गौशाला मे मनाया, गौ सेवा व सामाजिक संदेश के साथ मनाई गई खुशियाँ

Kanak Agrawal

Published on 12 Sep 2025



लोकसभा क्षेत्र **बारां–झालावाड़** के लोकप्रिय सांसद **राजा साहब दुष्यंत सिंह** का जन्म दिवस आज भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने विशेष अंदाज में मनाया।

कार्यक्रम का आयोजन **राधे कृष्ण गौशाला, नाथूखेडी** में किया गया, जहाँ भाजपा कार्यकर्ताओं ने सांसद महोदय के दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना की। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने **गौ सेवा करते हुए गायों को चारा और गुड़ खिलाया** तथा समाज में सेवा और संस्कार का संदेश दिया।

इसके बाद जन्मदिवस की खुशी में **केक काटकर मिठाइयाँ वितरित की गईं।**

कार्यक्रम में शामिल प्रमुख लोग

इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक **कालूराम मेघवाल**, पूर्व स्टेट वेयरहाउस मंत्री **मान सिंह**, जिला महामंत्री **गोविंद सिंह**, मंडल अध्यक्ष **मांगुसिंह**, मंडल महामंत्री, शक्ति केन्द्र प्रभारी, सभी बूथ अध्यक्ष और भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सामाजिक संदेश

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि सांसद दुष्यंत सिंह के जन्म दिवस को गौशाला में मनाना केवल उत्सव ही नहीं, बल्कि **गौ सेवा और समाज सेवा का संदेश** भी है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने इसे प्रेरणादायक परंपरा बताया और कहा कि इस तरह के आयोजन समाज में सकारात्मकता और सेवा भाव को बढ़ावा देते हैं।

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Kanak Agrawal, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.